फरीदाबाद में देश के सबसे बड़े अस्पताल 'अमृता अस्पताल' का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

24 अगस्त, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरीदाबाद में देश के सबसे बड़े अस्पताल 'अमृता अस्पताल'का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृता अस्पताल के शुरू होने से न केवल फरीदाबाद और हरियाणा राज्य के लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि दिल्ली एनसीआर की पूरी आबादी को भी यहाँ उपचार की सुविधा मिलेगी।
- इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से हरियाणा आगे बढ़ रहा है। 2014 में प्रदेश में 7 मेडिकल कालेज थे, जो अब 13 हो गए हैं। आने वाले समय में इस कॉलेज समेत 9 मेडिकल कॉलेज और खोले जाएंगे। प्रदेश में हर ज़िले में मेडिकल कॉलेज होगा। वहीं प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना का लाभ 21 लाख से अधिक लोगों तक पहुँच जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि माँ अमृता आनंदमयी 'अम्मा'द्वारा निर्मित यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। अस्पताल में 534 आईसीयू बेड सहित 2600 बेड होंगे और इसे 81 विशेष विभागों से लैस किया जाना है, जो कि भारत में सर्वाधिक है।
- अस्पताल में 64 अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर होंगे। इसके अलावा यहाँ 150 सीटों वाला पूरी तरह से आवासीय एमबीबीएस कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। एक नर्सिंग कॉलेज और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के लिये एक कॉलेज भी होगा। यहाँ रक्त और अन्य महत्त्वपूर्ण नमूनों के प्रसंस्करण के लिये देश में सबसे बड़ी, पूरी तरह से स्वचालित स्मार्ट लैब होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-largest-hospital-amrita-hospital-inaugurated-in-faridabad